हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, रविवार 5 अक्टूबर 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती




## खबर संक्षेप

### त्रिपक्षीय वार्ता के लिए एसडीएम पाली ने सरपंच को जारी किया पत्र

**हरदीबाजार।** एसईसीएल दीपका कोयला खदान विस्तार के लिए अधिग्रहित ग्राम हरदीबाजार में नापी सर्वे के लिए एक बार पुनःअनुविभागीय अधिकारी पाली ने त्रिपक्षीय वार्ता के लिए हरदीबाजार तहसील कार्यालय में अपर कलेक्टर कोरबा की अध्यक्षता में शनिवार को दोपहर 12 बजे बैठक के लिए सरपंच हरदीबाजार को 30 सितंबर को पत्र लिखा है। इस बैठक की प्रतिलिपि जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, अपर कलेक्टर कोरबा, एसडीएम कटघोरा, तहसीलदार हरदीबाजार, महाप्रबंधक एसईसीएल दीपका, थाना हरदीबाजार एवं सरपंच हरदीबाजार को दिया गया है। सरपंच व ग्रामवासियों ने बैठक का स्वागत किया है साथ ही हमारी मांगों पर ही चर्चा होगी मांग पूरी नहीं हुई तो त्रिपक्षीय बैठक का कोई औचित्य ही नहीं,क्या जिला प्रशासन व एसईसीएल दीपका प्रबंधन ग्रामीणों की जायज,हक की मांग को मानती है या फिर बल पूर्वक जोर जबरदस्ती नापी सर्वे करने पर उतारू होती है ,यह तो कल की त्रिपक्षीय वार्ता के बाद ही साफ हो पाएगा ।

### कोयला की हेराफेरी, चालक के खिलाफ अपराध दर्ज

**कोरबा।** बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत संतोष यादव उम्र 35 वर्ष पिता विश्वनाथ यादव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसे नकोडा पाइप इम्पेक्स प्राइवेट लिमिटेड में कोयला उठाने हेतु अधिकृत किया गया था। जिसके तहत संतोष को कुल 1486.00 टन कोयला उठाना था कोयला कुसमुण्डा खदान से लोड होकर वैध दस्तावेजो के साथ फैक्ट्री तिल्दा जिला रायपुर जाना था। 14 सितंबर को वाहन क. सीजी 04 जेसी 7409 में 31.360 एमटी कोयला कुसमुण्डा खदान से लोड कराकर वाहन चालक कृष्णा चौहान उर्फ अरविंद तिलदा के लिए रवाना हुआ। फैक्ट्री में कोयला पहुंचा तो कोयले की गुणवत्ता खराब थी। ड्राइवर के द्वारा कोयले में कंकड़ मिला कर फैक्ट्री में गिरा दिया गया है। यहां जब फैक्ट्री वालों ने सच्चाई जानी तो संतोष को बुलाया था। संतोष फैक्ट्री गया और देखा कि जो कोयला उक्त वाहन उसने भेजा है वह कोयला नहीं है। उक्त वाहन चालक कृष्णा चौहान वाहन को छोड़कर फरार हो गया है। संतोष की रिपोर्ट पर पुलिस ने कोयले की हेरा फेरी कर ठगी करने वाले कृष्णा चौहान के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उसकी खोजबीन शुरु कर दी है।

### छेड़छाड़, मामला दर्ज

**कोरबा।** रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत ओमपुर कालोनी निवासी महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 30 सितंबर को लगभग 5 बजे वह घर में अपनी बेटी के साथ थी इसी दौरान उसके घर के सामने कुछ लोगों द्वारा हो हल्ला किया जाने लगा। तब महिला घर के बाहर देखी तो खरमोरा निवासी वंदना सिंह और उसका बेटा अनुज सिंह, लोकेश सहित दो अन्य युवक के द्वारा महिला की बेटी को बाहर बुलाने के लिए कहा बेटी को नहीं बुलाने पर उक्त सभी के द्वारा गाली गलौच किया जाने लगा और अनुज सिंह द्वारा महिला के साथ छेड़छाड़ करते हुए उसकी बेटी का अपहरण कर लेने की धमकी दी गई। महिला के द्वारा अपने पति को फोन कर बुलाने की बात कही गई तो उक्त सभी भाग खड़े हुए। महिला की शिकायत पर पुलिस ने उक्त सभी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

### बाइक की टक्कर से महिला घायल

**कोरबा।** बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पुटा मेनरोड निवासी रविन्द्र कुमार रजवाड़े उम्र 32 वर्ष पिता हरि प्रसाद रजवाड़े ने रिपोर्ट लिखाई है कि वह किराना दुकान का संचालन करता है। 28 सितंबर को जब वह अपने किराना दुकान के सामने रोड किनारे खड़ा था। इसी दौरान ग्राम पुटा के खान होटल तरफ से गांव के महेश्री उर्फ घुरीन मंझवार पैदल पैदल रोड किनारे अपने घर ऊपरपारा तरफ पुटा जा रही थी रात्रि में रविन्द्र के दुकान के सामने रात्रि लगभग 7:30 बजे मोटर सायकल का चालक मुमताज अपने मोटर सायकल को तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुये महेश्री उर्फ घुरीन मंझवार को पीछे तरफ से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया जिससे घुरीन मंझवार रोड में गिर गई।

### लापरवाही के मामले में अपराध दर्ज

**कोरबा।** सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ढोढ़ीपारा निवासी ठेकदार संतोष अनंत उम्र 48 वर्ष पिता भूपाल प्रसाद के द्वारा कटर मशीन से राड काटने का काम लापरवाहीपूर्वक बिना सुरक्षा उपकरण के कटा फटा तार से कटर मशीन का कार्य उपेक्षापूर्ण कराने से कटर मशीन की बिजली तार के सम्पर्क में आने से 21 अगस्त को ग्राम कपोट चौकी चैतमा निवासी जान सिंह धनवार उम्र 19 वर्ष पिता रतन सिंह धनवार की मौत हो गई थी।

जांजगीर मार्केट
फ्री फ्री फ्री 66% छूट
COBB कॉब रेडिमेड
कपड़ा शो-रूम
1 कपड़ा खरीदने पर 2 कपड़ा फ्री
आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर
प्रो. आदित्य मंगल सिंघानिया
मो. 6260115021, 9302362173

## पीएमजीएसवाय और लोक निर्माण विभाग करता है सड़कों का निर्माण

# फंड मिलने के बाद भी ग्रामीण सड़क निर्माण के लिए तय नहीं हुई एजेंसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

डीएमएफ से सड़क निर्माण के लिए फंड जारी होने के बाद भी एजेंसियां तय नहीं हुई है। विभाग कहता है कि बारिश के बाद सड़कों के निर्माण का कार्य शुरू होगा, किंतु कौन सी सड़क किस विभाग के द्वारा बनायी जाएगी यह तय नहीं हुआ है। सड़क निर्माण के लिए पीएमजीएसवाय और लोक निर्माण विभाग शासन की एजेंसियां है किंतु दोनों ने ही अभी तक सड़क निर्माण के लिए टेंडर तक नहीं निकाले हैं।

शहर की सड़कों का निर्माण तो नगर निगम एजेंसी रहती है, किंतु ग्रामीण अंचलों की सड़क निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क प्रकोष्ठ को एजेंसी बनाया जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंच मार्ग से लेकर कुछ प्रमुख सड़कों का काम प्रधानमंत्री ग्राम प्रकोष्ठ का है। वहीं दूसरी ओर बड़ी सड़कें जो ग्रामीण क्षेत्रों को राष्ट्रीय राजमार्ग और राजकीय राजमार्ग से जोड़ती है ऐसी सड़कों का निर्माण लोक निर्माण विभाग के द्वारा किया जाता है, किंतु दोनों निर्माण एजेंसियों को अब तक सड़क निर्माण की एजेंसियां नहीं बनाया गया है, जबकि डीएमएफ से राशि जारी हो चुकी है। दो महीने बाद भी टेंडर की प्रक्रिया ही गुजर रही है। ऐसे में कब सड़कों का निर्माण होगा यह विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन पर सवाल खड़ा करता है।

### डीएमएफ से जारी हुई है प्रमुख सड़कों के लिए राशि


रुकबहरी तिलईडांड पीएम सड़क।

### पीएम जनमन से भी होना है सड़क का निर्माण

प्रधानमंत्री जनमन योजना से भी जिले के जनजाति क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण किया जाना है। सर्वे में ऐसे 23 स्थान चिन्हांकित किए गए हैं, जहां इस योजना के अंतर्गत सड़क का निर्माण किया जाएगा। किंतु अब तक पाली विकासखंड के ग्राम पंचायत शिवपुर में ही पिछड़ी संरक्षित जनजाति वाले पहुंच विहीन क्षेत्रों में सड़क का निर्माण पूरा हो सका है। शेष 22 पिछड़ी संरक्षित जनजाति क्षेत्रों में डेढ़ साल बाद भी सड़क का निर्माण नहीं किया गया है। जनजाति क्षेत्रों में पहुंच मार्ग निर्माण के लिए ग्रामीण यांत्रिकी विभाग को कार्य एजेंसी बनाया गया है।

### ये है ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कें

- सतरेंगा से लेमरू मार्ग
- विमलता से नकिया मार्ग
- कुदरीचिंगार से बड़मार मार्ग
- अजगरबहार से आछीमार सड़क
- पाली पोलमी सड़क
- लैंगा से कोडगार सड़क मार्ग
- बताती चचिया सड़क मार्ग

## क्रिप्टो करेंसी के नाम पर झारखंड के गिरोह ने की लाखों की ठगी, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

क्रिप्टो करेंसी के नाम पर अलग से वेबसाइट बनाकर लोगों को झांसे में लेकर लाखों की ठगी करने का एक नया मामला सामने आया है। पांच लोगों ने मिलकर पुलिस से मामले की शिकायत की है जिस पर पुलिस ने ठगी करने वाले झारखंड गिरोह के 5 सदस्यों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

क्रिप्टो करेंसी पर इनवेस्टमेंट करने से रकम दोगुना करने का झांसा देकर लोगों से मोटी रकम ऐंठने का काम झारखंड के गिरोह के द्वारा किया जा रहा था। बताया जाता है कि लोग इस गिरोह के झांसे में आकर घर के जेवर देकर गोल्ड लोन लेकर कंपनी में लगाया तो किसी ने बैंक फाइनेंस, किसी ने उधार और किसी ने खेत व मकान को बेचकर रकम निवेश किया था। जब लोगों को पता चला कि वे वेबसाइट बंद हो गई तब उन्हें पता चला कि वे ठगी के शिकार हो चुके है तो उनके होश उड़ गए और कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत दर्री रोड निवासी एजालुल हक पिता इनराइल हक सहित कुल 5 लोगों ने मामले की शिकायत सीएसईबी चौकी में दर्ज कराई है। जिसमें उन्होंने उल्लेख किया है कि इस गिरोह के सदस्य ने उनके साथ 23 लाख 75 हजार रुपए की ठगी को अंजाम दिया गया है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने झारखंड निवासी जफर इमाम, सादाब अंसारी, गंगा प्रसाद, शुभम सिंह व दिलेश्वर मुंडा के खिलाफ पुलिस ने धारा 318, 3 (4) (5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### खास बातें

- जमीन, जेवर बेचकर लोगों ने किया था निवेश
- दर्री रोड निवासी 5 लोगों ने की पुलिस से शिकायत

### मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना हेतु आवेदन 25 तक

**कोरबा।** मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2025-26 अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के प्रतिभावान निम्न आय वर्ग के विद्यार्थी जो राष्ट्रीय स्तर के उच्च व्यवसायिक संस्थानों जैसे - आई.आई.टी., एम्स, आई.आई.एम., एन.एल.यू. एम.बी.बी.एस. जैसे संस्थानों में शिक्षण सत्र 2025-26 में प्रवेश प्राप्त कर अध्ययन कर रहे हैं उन्हें तात्कालिक सहायता प्रदान किये जाने हेतु विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किया गया है।

# हाईडल प्लांट पूरी रफ्तार पर फिर भी बांगो बांध का पानी नहीं हो रहा है कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

मौसम के लगातार बिगड़ते तेवर की वजह से पिछले तीन दिनों से बारिश का सिलसिला जारी है। रुक-रुक कर हो रही बारिश ने जन जीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है तो वहीं दूसरी ओर बांगो बांध का जलस्तर अक्टूबर के महीने में कम होने की जगह बढ़ने लगा है जिससे बांगो बांध एक बार फिर से भरने के करीब पहुंच गया है। जल संसाधन विभाग के अधिकारी लगातार वाटर लेवल पर नजर बनाए हुए हैं। यदि केचमेंट में बारिश तेज होती है और पानी आने का सिलसिला और तेज हुआ तो निश्चित तौर पर गेट खोलने की नौबत फिर से आ सकती है। बांध में 90 फ़ीसदी पानी भरा हुआ है यदि यह वाटर लेवल जैसे ही 92 फीसदी हुआ तो गेट खोल कर वाटर लेवल को मेंटेन किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि अमूमन अक्टूबर के महीने में खेती किसानी के लिए किसानों को पानी दिया जाता है और हाइडल प्लांट को रफ्तार से चलाया जाता है। अक्टूबर के महीने में बांगो बांध का वाटर लेवल धीरे-धीरे कम होने लगता है लेकिन इस बार अक्टूबर के महीने में बांगो बांध में केचमेंट इलाके से पानी आने का सिलसिला अभी भी जारी है जिससे बांध लबालब है। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की मानें तो बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट को लगातार 72 घंटे संचालित किया जा रहा है और 9 हजार क्यूसेक पानी हसदेव नदी में प्रवाहित किया जा रहा है लेकिन इसके बाद भी बांगो बांध का वाटर लेवल 90.5 फ़ीसदी पर स्थिर बना हुआ है। बताया जाता है कि शुक्रवार की शाम बांगो बांध का वाटर लेवल 358.02 मीटर था। यदि कैचमेंट इलाके में तेज बारिश हुई और पानी आने का सिलसिला और तेज हुआ तो जैसे ही वाटर लेवल 92 फ़ीसदी पहुंचेगी बांगो बांध के गेट फिर से खोले जा सकते हैं। बताया जाता है कि वर्ष 2024 में 3 अक्टूबर को बांगो बांध का वाटर लेवल 357.50 मीटर था जो इस वर्ष अभी 358.02 मीटर है जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 1 मीटर पानी ज्यादा है। जल संसाधन विभाग के अधिकारी लगातार बांगो बांध के वाटर लेवल पर नजरें बनाए हुए हैं यदि कैचमेंट में बारिश तेज हुई तो निश्चित तौर पर गेट खोलने की नौबत आ सकती है।

### खास बात

- 90 फीसदी पर स्थिर है वाटर लेवल


फाइल फोटो

## युवक ने बेल्ट से की पिटाई, पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

शराब के नशे में मदहोश एक युवक ने अपने ही दो साथियों को बेल्ट से बेरहमी से पीट दिया है। वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद पुलिस के अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लिया और पीड़ित की तरफ से पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत रामनगर मुड़ापार निवासी चंदन महाराणा सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत खरमोरा अटल आवास निवासी अपने दोस्त विशाल दास के घर दशहरा उत्सव के दिन गया हुआ था जहां उन्होंने बैठकर एक साथ शराब पिया। इस बीच किसी बात को लेकर विशाल दास पिता मुरकित आक्रोशित हो गया और चंदन व एक अन्य युवक की बेरहमी से बेल्ट से पिटाई कर दी। जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होते ही पुलिस ने मामले में संज्ञान लेते हुए तत्काल एक्शन में आई। पुलिस ने पीड़ित चंदन महाराणा की लिखित शिकायत पर पुलिस ने अटल आवास खरमोरा निवासी विशाल दास पिता मुरकित के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

## बालको का 20 साल पुराना ईएसपी संयंत्र जमींदोज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

बालको विद्युत संयंत्र के 135 मेगावाट क्षमता वाली इकाई क्रमांक 4 के इलेक्ट्रोस्टेटिक प्रेसिपिटेटर (ईएसपी) अपनी निर्धारित जगह से खिसक गई और भरभराकर जमींदोज हो गई। घटना का सुखद पहलू रहा कि यह पूरा क्षेत्र मानव रहित है, जिसकी वजह से किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। प्रबंधन ने घटना के कारणों की जांच के लिए उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया है। साथ ही पर्यावरणीय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 135 मेगावाट क्षमता वाली इकाई क्रमांक 4 को अस्थाई रूप से बंद कर दिया गया है।

बालको संयंत्र में शुक्रवार को एक बड़ा हादसा घटित हुआ। 540 मेगावाट क्षमता वाले विद्युत संयंत्र के 135 मेगावाट क्षमता वाले इकाई क्रमांक 4 के रास फिल्टर (इलेक्ट्रोस्टेटिक प्रेसिपिटेटर) अचानक भरभराकर नीचे आ गिरा। यह इलेक्ट्रोस्टेटिक प्रेसिपिटेटर लगभग 20 साल पुराना है। हादसे के दौरान मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हालांकि घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है। सूत्रों की मानें तो ईएसपी का निर्माण सेपको कंपनी द्वारा वर्ष 2004-05 में कराया गया था। पुराना संयंत्र होने की वजह से ही ईएसपी के स्ट्रक्चर कमजोर हो गया था।

### उच्च स्तरीय कमेटी करेगी जांच

3 अक्टूबर को 540 मेगावॉट पावर प्लांट की 135 मेगावॉट यूनिट-4 में इलेक्ट्रोस्टैटिक प्रिसिपिटेटर (ईएसपी) बैग फिल्टर यूनिट अपनी निर्धारित जगह से खिसक गया है। यह क्षेत्र पूरी तरह से मानव रहित है और इस घटना में किसी प्रकार की कोई जनहानि या चोट नहीं हुई है। घटना के कारण की जांच उच्चस्तरीय जांच कमेटी के द्वारा करायी जाएगी। पर्यावरणीय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस इकाई को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है।

- विजय वाजपेयी, पीआरओ, बालको

## करतला रेंज में हाथियों की दस्तक, किया गया सतर्क

**कोरबा।** वनमंडल कोरबा के करतला रेंज में हाथियों की दस्तक होने के बाद वन विभाग ने ग्रामीणों को सतर्क कर दिया है। रायगढ़ जिले के छाल रेंज से अचानक पहुंचे दो हाथियों ने रेंज की सीमा में प्रवेश किया और जंगल के रास्ते नोनदरा गांव पहुंच गया। हाथियों ने यहां पहुंचते ही उत्पात मचाया और ग्रामीणों के खेतों में लगे धान की फसल को मटियामेट कर दिया जिससे संबंधितों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। सूचना मिलने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचकर हाथियों की निगरानी करने के साथ नुकसान के आंकलन में भी जुट गए हैं। इस बीच कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज में हाथी समस्या लगातार बनी हुई है।

**न्यायालय अति. तहसीलदार पामगढ़ जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)**

// नोटिस सूचना पत्र //

क्रमांक // वाचक/तह./2025

पामगढ़, दिनांक 25/09/2025

प्रति, 1 संजय कुमार सिंह पिता सुखपाल सिंह
2 अनुपमा सिंह पिता सुखपाल सिंह
3 पूर्णिमा सिंह पिता सुखपाल सिंह
4 सीमा सिंह पिता सुखपाल सिंह
5 माया देवी बेवा सुखपाल सिंह

**विषयः- उपस्थिति बाबत्।**

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि पक्षकार हलधर वगै. पिता मंगतु विरूद्ध संजय कुमार सिंह वगै. जाति सूर्यवंशी साकिन झिलमिली ग्राम भैसों स्थित भूमि ख.न. 1752/47 रकबा 1.37 ए. भूमि आवेदकगण के नाम पर था। सन 2009-10 से 2013-14 तक एवं 2016-17 से 2020-21 तक की खसरा पांचसाला में आवेदकगण का नाम दर्ज है एवं नामांतरण पंजी वर्ष 2007-08 की बटवारा पंजी में दर्ज होकर आवेदकगण के नाम दर्ज होकर चला आ रहा था। सन 2022-23 से आनलाइन में अनावेदकगण का नाम दर्ज होकर वर्तमान में अनावेदकगण का नाम दर्ज हो गया है। अनावेदकगण के नाम पर किस प्रकार से नाम दर्ज हुआ ना ही हमने अनावेदक के पास बिक्रय किया है और ना ही हमारे कोई संबंधित है त्रुटि पूर्ण अनावेदक का नाम दर्ज हो गया है। जिसे अनावेदक का नाम काट कर आवेदकगण का नाम दर्ज कर दुरूस्त करने का आवेदन किया गया है।

उक्त संबंध मे इस न्यायालय में दिनांक 14.10.25 को सुनवाई नियत है। इस हेतु आपको सुचित किया जाता है कि उक्त दिवस को न्यायालय तहसीलदार पामगढ़ में सुबह 10:00 बजे उपस्थित होवें। उपस्थित नहीं होने की दशा मे आपके विरूद्ध कार्यवाही की जावेगी।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**पामगढ़**
**जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

राजस्व मामले में नोटिस

**न्यायालय अपर कलेक्टर**
**जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

पु.प्र.क्र. 202303062500077/0601/RXm/ अ-6/2023-24

ग्राम-कोसमंदा तहसील-चांपा

पक्षकार :- अखिलेश कुमार पाण्डेय एवं 11 अन्य सभी सभी निवासी ग्राम चांपा (कृष्ण गौशाला) तहसील चांपा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

**बनाम**

**रामिन बाई (मृत)**

**प्रति,** 1. सुनिता राठौर पति अक्षय कुमार राठौर निवासी चांपा (शंकर नगर सिचाई कालोनी के पीछे) तहसील चांपा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
अ- श्रीमती झूलबाई बेवा फिरतूराम पटेल निवासी कुरदा तहसील चांपा जिला जांजगीर-चांपा
ब- श्रीमती अनंत कुमारी पति देवेन्द्र कुमार पटेल पिता फिरतूराम पटेल निवासी गंगाजल तहसील नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
स- भूरी पटेल पिता सुनाऊराम (पुत्री) निवासी ग्राम कड़ारी तहसील बाराद्वार जिला सक्ती (छ.ग.)
द- श्रीमती द्रौपदी बाई उर्फ फिरतीन पटेल पिता सुनाऊराम पति रामतन उर्फ रामचरण पटेल निवासी कौडिया तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)
इ- श्रीमती जानकी बाई उर्फ भूरी पटेल पिता सनाऊराम पति तीजराम पटेल निवासी ग्राम छोटे पंडारी तहसील बाराद्वार जिला सक्ती (छ.ग.)

पुनरीक्षणकर्ता गण अखिलेश कुमार पाण्डेय पिता स्व. श्री कोमल प्रसाद पाण्डेय एवं 10 अन्य सभी निवासी चांपा (कृष्ण गौशाला) तहसील चांपा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चांपा के राजस्व प्रकरण क्रमांक 202303062500077/अ-6/2022-2023 में पारित आदेश दिनांक 09.02.2024 के विरूद्ध पुनरीक्षण प्रस्तुत कर उक्त आदेश को निरस्त करने की मांग की गई है। आपको पक्षकार के रूप में संयोजित किया गया है। आपको इस न्यायालय में दिनांक 08.10.2025 को दिन के 11.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात होने के लिय सयम किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है। जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवानो प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सभी प्रश्नों का उत्तर दे सके। न्यायालय में आपकी उपसंजाति के लिए नियत दिनांक 08.10.2025 है वह इस वाद के निपटारे के लिए नियत है।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारिख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

आज दिनांक 17.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की सील मुद्रा लगा कर जारी किया गया।

**अपर कलेक्टर**
**जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
• 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
• बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
• बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
• किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
• गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
• पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
• पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
• महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
• किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
• पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
• अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
• कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ
• आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
• बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
• मरीज के लिए लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा
• आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
• डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
• नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
• कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
• चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
• आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
• दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
• टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
• हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
• आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
• मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
• दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
• बड़ो एवं बच्चों के दांतो से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
• एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
• हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की ऊँगलियों की सर्जरी
• सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
• शोल्डर और बाजू की सर्जरी
• कमर दर्द , साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
• गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
• हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलॉजी, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी
• बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
• बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
• नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
• बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में भारीपन, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
• परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
• बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
• निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
• पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
• फिस्टुला, फिशर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
• आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
• सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ वैष्णव महासभा का प्रान्तीय सम्मेलन आज

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ वैष्णव महासभा का प्रान्तीय सम्मेलन रविवार 5 अक्टूबर को सक्ती के राधा-कृष्ण मंदिर प्रांगण में होने जा रहा है। कार्यक्रम में नव-नियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह,युवक-युवती परिचय सम्मेलन, मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान,भागवताचार्यों का सम्मान,वरिष्ठ समाजसेवियों का सम्मान तथा पत्रकारों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव लखन दास वैष्णव एवं प्रांतीय अध्यक्ष पूरण दास वैष्णव, प्रांतीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ श्रीमती लतारानी वैष्णव लोरमी तथा उप महासचिव जानकी दास वैष्णव विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। वैष्णव महासभा सक्ती ब्लॉक के अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार वैष्णव एवं सचिव कन्हैया दास वैष्णव ने बताया कि कार्यक्रम का भव्य आयोजन सक्ती जिले के पदाधिकारियों के विशेष सहयोग द्वारा किया जा रहा है।

### शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजनांतर्गत 25 तक आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य के प्रतिभावान निम्न आय वर्ग के विद्यार्थी जो शिक्षण सत्र 2025-26 में राष्ट्रीय स्तर के उच्च व्यावसायिक संस्थाओं जैसे - आईआईटी, एम्स, आईआईएम, एनएलयू, एमबीबीएस, एनआईटी, आईआईटी में चयन उपरांत प्रवेश प्राप्त करने के लिए तात्कालिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना संचालित है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि योजनान्तर्गत पात्र अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन 25 अक्टूबर 2025 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। अभ्यर्थी पंजीकृत डाक से अथवा कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास पुराना कलेक्टोरेट परिसर जांजगीर में जमा कर सकते हैं।

### पीडीएस दुकान संचालन के लिए आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के प्रावधानों के तहत अनुविभागीय अधिकारी (रा) अकलतरा ने विकासखंड अकलतरा के ग्राम करूमहू के शासकीय उचित मूल्य दुकान आबंटन के लिए 10 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अकलतरा ने बताया कि विकासखंड अकलतरा के ग्राम करूमहू के ग्राम पंचायत के समस्त स्व सहायता समूह, ग्राम पंचायत, सेवा सहकारी समिति आदि से शासकीय उचित मूल्य दुकान प्राप्त करने हेतु इच्छुक संस्था, समूह से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र के साथ-साथ संलग्न के रूप में समूह का पंजीयन प्रमाण पत्र, वर्तमान माह से विगत एक वर्ष खाता स्टेटमेंट की छायाप्रति के साथ 10 अक्टूबर को आवेदन पत्र के साथ कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी रा अकलतरा में प्रस्तुत कर सकते हैं।

### सरकारी नौकरी का आकर्षण और रोजगार के सीमित अवसरों से युवा मजबूर

# कोटवार बनने बीए, एमए और बीएससी वाले भी कतार में

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बेरोजगारों की फौज जिले में बढ़ती जा रही है। सरकारी नौकरी के सीमित अवसर के कारण उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी युवा बेरोजगारी का दंश झेल रहे है। ऐसे में कोटवार की भर्ती के लिए भी स्नातक और स्नातकोत्तर डिग्री धारी बड़ी तादाद में आवेदन कर रहे है।

जिले में बेरोजगारी की स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही है। आलम यह है कि अब गांवों में कोटवार जैसे छोटे पद के लिए भी स्नातक और स्नातकोत्तर शिक्षित युवा आवेदन करने को मजबूर हैं। ग्राम पंचायत गोधना में कोटवार पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे, जिसमें दर्जनों ऐसे युवाओं ने आवेदन किया है, जिन्होंने बी.ए, बी.एससी. और एम.ए. जैसी उच्च शैक्षणिक डिग्रियां हासिल की हैं। कोटवार का पद पारंपरिक रूप से 10वीं या 12वीं पास अभ्यर्थियों के लिए अवसर माना जाता रहा है, वहीं अब उच्च शिक्षित युवा भी इस पद के लिए पंक्ति में खड़े नजर आ रहे हैं। यह न केवल बेरोजगारी की गहराई को उजागर करता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि सरकारी नौकरी का आकर्षण आज भी युवाओं में उतना ही प्रबल है जितना पहले था। जानकारों का कहना है कि प्रदेश में शिक्षित बेरोजगारी एक बड़ी सामाजिक चुनौती बन चुकी है। उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बावजूद युवाओं को उपयुक्त रोजगार नहीं मिल रहा। ऐसी स्थिति में वे छोटे पदों पर भी आवेदन करने को विवश हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में औद्योगिक इकाइयों की कमी, स्वरोजगार योजनाओं की धीमी प्रगति और प्रशासनिक जटिलताओं ने युवाओं को हताश कर दिया है। ऐसे में कोटवार जैसे पदों के लिए भी न केवल 12वीं पास बल्कि स्नातक और स्नातकोत्तर के अभ्यर्थी भी आवेदन कर रहे हैं।



#### सरकारी नौकरी व गांव में ही रोजगार का लालच

गोधना पंचायत के एक अभ्यर्थी ने बताया कि, हमने पढ़ाई इसलिए की थी कि कोई अच्छी नौकरी मिले, लेकिन अब तो कोटवार की नौकरी भी मिल जाए तो बड़ी बात होगी। कम से कम गांव में रहकर स्थायी आय का साधन तो होगा। ऐसे विचार रखने वाले युवाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। सरकारी नौकरी की सुरक्षा, पेंशन सुविधा और सामाजिक प्रतिष्ठा ही ऐसे कारण हैं, जिनकी वजह से ऊंची योग्यता वाले भी छोटे पदों के लिए आवेदन करने में हिचकिचा नहीं रहे।

#### रोजगार मेले में सन्नाटा, कोटवार पद के लिए भीड़

जिले में समय-समय पर रोजगार मेले और प्लेसमेंट कैंप आयोजित किए जाते हैं। शासन की पहल पर इन मेलों में कई निजी कंपनियां युवाओं को अवसर देने आती हैं, लेकिन यहां युवाओं की भीड़ न के बराबर होती है। वहीं कोटवार जैसे छोटे पद के लिए गांव में सैकड़ों की संख्या में आवेदन पहुंचना इस बात का प्रमाण है कि निजी क्षेत्र की नौकरियों के प्रति भरोसा घटा है। रोजगार कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि युवा सरकारी नौकरी की ओर अधिक झुकाव रखते हैं। उन्हें निजी क्षेत्र की अस्थिरता और कम वेतन की चिंता रहती है, इसलिए वे किसी भी सरकारी पद को बेहतर विकल्प मानते हैं।

# पूर्व सांसद भारद्वाज के पुत्र का छलका दर्द, लिखा खुला पत्र

### सोशल मीडिया में जारी लेटर की हर ओर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पूर्व सांसद स्व परस राम भारद्वाज के छोटे पुत्र संजय भारद्वाज का दर्द छलका है। अपने पिता की हो रही उपेक्षा पर उन्होंने एक खुला पत्र लिखा है,जो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। इस पत्र की हर ओर चर्चा हो रही है।

लगातार 6 बार सांसद रहे कांग्रेस के नेता स्व. परस राम भारद्वाज के पुत्र संजय भारद्वाज ने पत्र में लिखा है कि यह पत्र किसी राजनीतिक रस्म अदायगी के लिए नहीं लिख रहा बल्कि यह एक ऐसे बेटे की ओर से है, जिसके पिता ने पूरा जीवन दूसरों के लिए जिया, लेकिन आज जब सम्मान देने की बारी आई, तो उसे भुला दिया गया। स्व. परसराम भारद्वाज प्रदेश के जननेता थे।उन्होंने 1980 से 1999 तक लगातार सारंगढ़ लोकसभा क्षेत्र से 6 बार सांसद रहकर छत्तीसगढ़ की जनता की आवाज़ संसद तक पहुंचाई। वे अनुसूचित जाति-जनजाति कल्याण समिति के अध्यक्ष, मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और कई संसदीय समितियों के सदस्य रहे लेकिन उनकी असली पहचान उनकी सादगी, ईमानदारी और कर्मनिष्ठा थी। संजय में पत्र में आगे लिखा है कि उनके पिता कभी मंचों के शोर का हिस्सा नहीं बने, लेकिन गाँवों की गलियों से लेकर दिल्ली के संसद भवन तक, एक-एक नागरिक की उम्मीद का नाम बने। सड़क हो या पुल, स्कूल हो या पानी, उन्होंने सारंगढ़ क्षेत्र को विकास की रोशनी दी। उन्होंने 20 वर्षों तक पूरी निष्ठा से जनता की सेवा में अपना जीवन अर्पित कर दिया। मगर आज यह सच कचोटता है कि उनके जाने के वर्षों बाद भी न कोई योजना, न कोई कॉलेज, न कोई स्मारक उनके नाम पर है। इससे भी ज़्यादा पीड़ा तब होती है जब कांग्रेस के प्रदेश के एक वरिष्ठ नेता ने जानबूझकर इस विषय को दबा दिया। संजय ने अपने पत्र में कई सवाल भी उठाए हैं। उन्होंने सवाल करते हुए लिखा है कि क्या इतनी महान सेवा का मूल्य राजनीतिक अहंकार से तौला जाएगा? क्या अब सच्चे लोग इसलिए पीछे रहेंगे क्योंकि उन्होंने प्रचार नहीं किया? कभी-कभी मन में आता है कि काश मेरे पिताजी भी किसी दुर्घटना में शहीद हो गए होते, तो शायद दीवारों पर तस्वीरें होतीं, योजनाओं में नाम होता।लेकिन उन्होंने जीते जी खुद को देश और समाज को समर्पित कर दिया था, क्या यही उनकी सबसे बड़ी गलती थी? कोई मेडिकल कॉलेज, कोई विश्वविद्यालय, कोई स्मारक, कोई योजना कुछ तो हो उनके नाम पर हो ताकि छत्तीसगढ़ की अगली पीढ़ी यह समझ सके कि राजनीति सिर्फ सत्ता नहीं, सेवा भी होती है। पत्र के अंत में संजय भारद्वाज ने लिखा है कि उनके पिता नाम को जीवित रखिए, उन्हें उस सम्मान से नवाज़िए जिसके वे सच में हकदार हैं। संजय भारद्वाज के लिखे खुले पत्र की हर ओर चर्चा हो रही है। सोशल मीडिया में जारी किया पत्र चर्चा का विषय बना हुआ है।



स्व.परसराम भारद्वाज



संजय भारद्वाज

# टर्मिनल में पड़े-पड़े कबाड़ हो रही सिटी बसें

## अधिक किराया देकर सफर करने की मजबूरी



टर्मिनल में खड़ी सिटी बस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सिटी बस की सेवा जिले में चरमरा गई है। कोरोनाकाल से बंद हुई सिटी बस अब तक सड़क पर नही उतर सकी है। राज्य शासन ने 10 साल पहले सिटी बस सेवा शुरू की थी। यहां 10 बसें आई थी, लेकिन बसें अब जहां तहां पड़े कबाड़ में तब्दील हो रही है। लोगों को आटो एवं निजी बसों में अधिक किराया चुकाकर सफर करने की मजबूरी बनी हुई है।

जिला मुख्यालय जांजगीर से नवंबर 2015 में सिटी बस सेवा का शुभारंभ किया गया था। यहां 10 बसें आई थी और सभी बसों का परमिट कार्यालय सचिव क्षेत्रिय परिवहन पदाधिकारी द्वारा जारी किया गया था। इनमें से सिर्फ पांच बसों का संचालन हुआ। ऐसे में जिलेवासियों को सभी सिटी बसों का लाभ नहीं मिला। जिन मार्गों पर दो-दो बसें चलनी थी उन मार्गों पर एक-एक बस ही चलाया गया। कोरोनाकाल के समय जो सिटी बस सेवा बंद हुई, वह आज तक पटरी पर नहीं आ सकी है। इन बसों के पहिये, इंजन और बैटरी गायब हो चुके हैं, शीशे टूट चुके हैं। इधर लोगों को नैला रेलवे स्टेशन, चांपा, कलेक्टोरेट, जिला पंचायत, जिला अस्पताल के अलावा अकलतरा, बलौदा, बाराद्वार क्षेत्र में सफर करने के लिए निजी बसों अथवा निजी आटो और चारपहिया वाहनों का सहारा लेना पड़ रहा है। जिला मुख्यालय जांजगीर सहित अन्य नगर पंचायत क्षेत्र में रहने वाले लोगों को लंबे समय से सिटी बस सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है वर्ष 2022 के बाद से सिटी बस सेवा बंद हो गई है।

## अज्ञात कारणों से युवक ने घर में लगाई फांसी

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के घुठिया गांव में युवक ने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। जिससे उसकी मौत हो गई।घरवालों को इसकी जानकारी मिलते ही उन्होंने इसकी खबर सिटी कोतवाली को दी गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार घुठिया गांव में हिमांशु साहू ने अज्ञात कारणों से घर में फांसी लगा ली। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है और जांच में जुटी हुई है। पुलिस के मुताबिक, पुलिस को सूचना मिली कि युवक हिमांशु साहू घर में अज्ञात कारण से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है. सूचना पर पुलिस की टीम पहुंची और मामले में मर्ग कायम कर लिया है। फिलहाल, मामले की जांच पुलिस कर रही है।

# युवक की हत्या की सुलझी गुत्थी, पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

धारदार हथियार से युवक की हत्या मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। फरार अन्य आरोपियों की खोजबीन पुलिस द्वारा की जा रही है।

इस संबंध में सक्ती पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 29 सितंबर की रात्रि लगभग 7:30 से 9 बजे के बीच ग्राम गिरगिरा निवासी हरिहर साहू की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी गगन बाजपेई हमराह स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और पाया कि मकान मालिक कमल कुमार साहू के घर की रखवाली कर रहा था। तभी अज्ञात हमलावरों ने बेरहमी से धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी। पुलिस ने वैज्ञानिक तरीके से क्राइम सीन यूनिट और फिंगरप्रिंट विशेषज्ञ की मदद से साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने तत्काल चार टीम का गठन कर अलग-अलग क्षेत्रों पर जांच करने हेतु टीम गठित की जिनके द्वारा सीसीटीवी फुटेज एवं संदिग्ध लोगों की जांच पड़ताल मोबाइल नंबरों का गहन जांच एवं आसपास के समस्त क्षेत्र के लोगों से पूछताछ करने की हिदायत देकर निर्देशित किया गया। संपूर्ण जांच में कई लोगों से पूछताछ एवं कई नंबरों की गहन जांच के पश्चात आखिर कार शक्ति पुलिस की टीम ने संदेही को चिन्हित कर आसपास की जिलों में तत्काल दबिश देकर आरोपियों के संभावित ठिकानों पर रेड कार्रवाई कर एक संदेही को हिरासत में लिया संदेह के आधार पर हिरासत में लिए गए सचिन कुमार सहीस ने अपना जुर्म कबूल किया। आरोपी ने बताया कि उसने अपने दो साथी शंम्भू पटेल, केके उर्फ राजेश नाग के साथ मिलकर उक्त अपराध को किया है। आरोपी की निशानदेही पर बैटरी चोरी के लिए प्रयुक्त लाल मुठ वाला प्लास बरामद किया गया। आरोपी सचिन कुमार साहिस पिता हेम लाल सहिस उम्र 20 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। अन्य आरोपीयों की गिरफ्तारी हेतु विशेष टीम गठित कर खोजबीन की जा रही है।




पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# धारदार हथियार लहराकर आने-जाने वाले लोगों को डराने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

धारदार हथियार लहराकर लोगों को डराने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला चांपा थाना क्षेत्र का है।

- चांपा थाना अंतर्गत कोटाडबरी का मामला

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चाम्पा से पुलिस टीम थाना क्षेत्र में पेट्रोलिंग हेतु रवाना किया गया था दौरान पेट्रोलिग पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुआ कि कोटाडबरी पटेलपारा चौक के पास एक व्यक्ति तलवार को लहरा रहा है और आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना थाना प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में तत्काल एक टीम मौके की ओर रवाना किया गया। टीम ने कोटाडबरी पटेलपारा चौक के पास एक व्यक्ति को पकड़ा गया। नाम पता पूछने पर अपना नाम पंकज पटेल निवासी कोटाडबरी बताया जिसके कब्जे से एक तलवार जप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की कार्यवाही किया गया एवं आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। कार्रवाई में निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता थाना प्रभारी चापा, उपनिरीक्षक उमेंद्र मिश्रा, आरक्षक वीरेश सिंह, शंकर राजपूत का विशेष योगदान रहा।



पुलिस अभिरक्षा में आरोपी।

# दर्जनों गांवों में अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सारागांव सब स्टेशन में आने वाले दर्जनों गांवों में अघोषित बिजली कटौती से उपभोक्ता खासे परेशान है। वहीं व्यवस्था सुधार को लेकर जिम्मेदार विद्युत विभाग का अमला ध्यान नहीं दे रहा है। जिसके चलते ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

गौरतलब है कि सारागांव सब स्टेशन अंतर्गत दर्जनों गांव की विद्युत व्यवस्था संचालित होती है। वहीं इन गांवों में बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली बंद कर दी जा रही है। जिसके चलते लोगों की दिक्कतें बढ गई है। गांव में बिजली गुल के कारण जहां बच्चों की पढ़ाई लिखाई प्रभावित हो रही है। वहीं इलेक्ट्रानिक से संबंधित उपकरण भी संचालित नहीं हो पा रहे है। इस तरह की समस्या कमरीद, कोसमंदा, देवरी सारागांव, चोरिया, सरवानी, अमरूवा, मुड़पार, पचोरी, अफरीद, हथनेवरा सहित अन्य गांवों में देखने को मिल रही है। ऐसा भी नहीं है कि इस बात की जानकारी जिम्मेदार विद्युत विभाग के अधिकारियों को ना हो। इसके बावजूद व्यवस्था सुधार को लेकर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सप्ताह भर के बाद नवरात्रि पर्व भी प्रारंभ हो जाएगा। इस दौरान बड़े पैमाने पर बिजली की आवश्यकता रहती है। वहीं विभाग के द्वारा पर्व को देखते हुए भी मेंटनेंस के नाम पर बिजली गुल कर दी जाती है। जिसके चलते लोगों को परेशानी उठानी पडती है।

AGRASEN COLLEGE
Recognised By: NCTE, New Delhi, Govt. Of India
Affiliated to: Hemchand Yadav University, Durg
B.ED. COURSE
COLLEGE COUNCELLING CODE - 114316
सत्र 2025 - 26 में B.Ed कोर्स में प्रवेश हेतु अंतिम अवसर
द्वितीय चरण

| | |
|---|---|
| पंजीयन एवं ऑनलाइन विकल्प फार्म जमा करने की तिथि। | 01/10/25 से 05/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची दावा आपत्ति के लिए जारी करना एवं दावा आपत्ति। | 09/10/25 से 10/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची जारी करना। | 13/10/25 |
| द्वितीय चरण की सूची में आबंटित अभ्यर्थी द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि। | 13/10/25 से 16/10/25 |

VILLAGE- DHANORA, DURG (C.G.)
Mob. 90982 11113
CAMPUSE VIEW

बी.एम. कॉलेज
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) से संबद्ध
विगत वर्षो में 100% परीक्षा परिणाम
B.Ed.
कॉलेज कोड-114336
ऑनलाइन काउंसलिंग, अंतिम तिथि : 05/10/25
गोकुल नगर, पुलगाँव (शासकीय आई.टी.आई. के पीछे), दुर्ग
Mob. : 87706-38793, 93403-11314, 93038-93829, 93008-50065
Sai समर्थ डेव्हलपर्स & बिल्डर्स
प्लॉट, फॉर्म हाऊस, खेत, मकान, फ्लैट
लुचकी चौक, तमेर पारा, दुर्ग (छ.ग.), मो.- 9303893829, 7000786116

## खबर संक्षेप

### सेवा पखवाड़ा अंतर्गत मनाई गई शास्त्री व महात्मा गांधी की जयंती



**राहौद-मेंहदी।** भारतीय जनता पार्टी मंडल पामगढ़ द्वारा सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे कार्यक्रम के तहत पखवाड़ा समापन दिवस पर पं लालबहादुर शास्त्री व महात्मा गांधी जयंती पर मारूति नंदन मंदिर मेंहदी में साफ सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाकर मनाया गया। कार्यक्रम में पामगढ़ मंडल अध्यक्ष यशवंत साहू, मंडल उपाध्यक्ष सुभाष पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष ब्यास वर्मा,नूरेश्वरी श्रीवास,निलिमा तिवारी, जपं अध्यक्ष प्रतिनिधि मानेस जांगड़े, महामंत्री मनोहर शास्त्री, महामंत्री सुधीर तिवारी, धीरेन्द्र योगी,नारायण पाटले, प्रेमचंद देवांगन,ओमप्रकाश राठौर, पार्षद अमित अनंत, पार्षद सुभाष ओग्रे, महेंद्र श्रीवास, पार्षद नरसिंग गोंड, सतीश पटेल, सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सिलादेही में गढ़ विजय दशहरा व रावण दहन आज

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिलादेही में महा दशहरा महोत्सव का भव्य आयोजन रविवार 5 अक्टूबर को गढ़ विजय दशहरा और रावण दहन का आयोजन किया गया है। इस संबंध में समाज सेवक छवि पटेल ने बताया कि इस वर्ष महा दशहरा महोत्सव का भव्य आयोजन 5 अक्टूबर को गढ़ विजय दशहरा और रावण दहन दशहरा दोनों कार्यक्रम का आयोजन मौहाडीह रोड में स्थित दशहरा मैदान में किया गया है। इसके साथ ही दोपहर 3 बजे प्रतिभा सम्मान समारोह और शाम 4 बजे खेल प्रतियोगिता, गढ विजय एवं करमा नाच के साथ शाम 6 बजे श्री राम की सेना एवं रावण दल का भव्य झांकी दशहरा मैदान पहुंचेगी, जहां श्री राम रावण युद्ध का झांकी के माध्यम से नजारा देखने को मिलेगा। वहीं शाम 7 बजे रावण दहन होगा। रात्रिकालीन कार्यक्रम में अरुण पटेल स्टार नाइट लोककला मंच कोरबा की शानदार प्रस्तुति होगी।

### आरएसएस का विजयादशमी उत्सव व पथसंचलन आज

**राहौद।** राष्ट्रीय स्वयं संघ राहौद मंडल का शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में 5 अक्टूबर रविवार को विजयादशमी उत्सव व पथसंचलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम रविवार को दोपहर 2 बजे शनिचरी बाजार में प्रारंभ होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता लखनलाल महराज मारुति नंदन मंदिर मेंहदी व मुख्य वक्ता मंजीत पवार प्रांत घुमंतू प्रमुख रहेंगे। कार्यक्रम में संघ के स्वयं द्वारा सेवक शारिरीक प्रदर्शन, योग,आसन का प्रदर्शन होगा। मंडल कार्यवाहक हर्ष पटेल ने सभी को पहुंचने की अपील की है।

### तनौद में भव्य आतिशबाजी के साथ आज होगा रावण दहन

**तनौद।** जनपद पंचायत पामगढ़ के अंतर्गत अंचल के सबसे बड़े ग्राम पंचायत तनौद हाईस्कूल मैदान मैदान में भव्य विराट दशहरा महोत्सव आतिशबाजी के साथ रावण दहन का कार्यक्रम रविवार 5 अक्टूबर को शाम 6 बजे रखा गया है। भव्य विराट दशहरा महोत्सव समिति तनौद के अध्यक्ष चावला साहू और उपाध्यक्ष राकेश को बनाया गया है। रात्रि में 9 बजे से दर्शकों के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक लोक रामलीला का मंचन किया जायेगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रमिला अजय साहू जिला पंचायत सदस्य सभापति होंगे। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि रंजनी महावीर साहू सरपंच ग्राम पंचायत तनौद भव्य विराट दशहरा महोत्सव समिति रामनगर वासी तनौद और पदाधिकारी गण तैयारी में लगे हुए हैं।

### ग्राम पंचायत मल्दा में विराट दशहरा महोत्सव आज

**बिर्रा।** गौरव ग्राम पंचायत मल्दा में विराट दशहरा महोत्सव रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन रविवार 5 अक्टूबर को शाम 6 बजे रखा गया है। दर्शकों और ग्राम वासियों के मनोरंजन के लिए रात्रि कालीन में राधिका आर्केस्ट्रा पार्टी बुधवारी बाजार कोरबा के द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तुति की जाएगी। पंचायत पदाधिकारियों के द्वारा आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है।

मरम्मत के प्रति विभाग नहीं दे रहे ध्यान, ग्रामीणों में आक्रोश

# गोधना-कुकदा मार्ग पोखर में तब्दील, जान जोखिम में डालकर आवागमन कर रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोधना





पोखर में तब्दील मार्ग।

गोधना-कुकदा पहुंच मार्ग जर्जर हो गया है। मार्ग में जगह-जगह इन दिनों बड़े-बड़े गड्ढे बनए गए है। वहीं बारिश होने के बाद इन गड्ढों में पानी भर गया है। इसके चलते आवागमन करने लोगों के साथ स्कूल कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं जान जोखिम में डालकर आवागमन करने विवश है। कई बार विद्यार्थी व राहगीर साइकिल सहित फिसलकर गिर जाने से उन्हें चोटें भी आ चुकी है, फिर भी समस्या जस की तस बनी हुई है।

गोधना-कुकदा पहुंच मार्ग और दोनों गांवों की मुख्य आंतरिक गलियां बदहाली का दंश झेल रही हैं। गोधना-कुकदा नहर पार मुख्य मार्ग से पुराना बाजार चौक तक लगभग 1 किलोमीटर लंबा रास्ता उबड़-खाबड़ है। हल्की बारिश होते ही गड्ढों में पानी भर जाता है और पूरा मार्ग जलाशय में तब्दील हो जाता है। इसी तरह आदर्श ग्राम कुकदा के नहर पार मुख्य मार्ग से अंबेडकर चौक तक लगभग 300 मीटर की दूरी भी गड्ढों से भरी है, जिससे राहगीरों की मुश्किलें और बढ़ जाती हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि बच्चों को इसी खस्ताहाल रास्ते से स्कूल जाना पड़ता है। कॉलेज जाने वाले छात्र-छात्राओं को भी जोखिम भरे रास्ते से गुजरना पड़ता है। बारिश के बाद गड्ढों में पानी भरने से कीचड़ जमा हो जाता है और कई बार विद्यार्थी साइकिल सहित फिसलकर गिर जाते हैं, जिससे चोटें आती हैं। राहगीर भी चोटिल हो चुके हैं, फिर भी समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि जनप्रतिनिधियों से भरोसा उठ गया है। कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर इस समस्या से शीघ्र अवगत कराया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि बार-बार इस समस्या से जनप्रतिनिधियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों को अवगत कराया जा रहा है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। न तो विधायक, न ही सरपंच, न जनपद सदस्य और न सांसद इस समस्या की ओर ध्यान दे रहे हैं, जबकि यह संकट सीधे बच्चों और युवाओं के भविष्य से जुड़ा है। ग्रामीणों का कहना है कि आखिर कब मिलेगा पक्की सड़क इसका जवाब देने कोई तैयार नहीं है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल ध्यान देने की बात कही है। इसमें दोनों गांव की आंतरिक गलियों अर्थात गोधना के नहर पार मुख्य मार्ग से पुराना बाजार चौक तक लगभग 1 किलोमीटर सीसी सड़क बन जाए तो लोगों को बहुत सुविधा होगी। वहीं ग्राम कुकदा के नहर पार मुख्य मार्ग से अंबेडकर चौक बस स्टैंड तक सीसी सड़क बन जाए तो भी लोगों को आवागमन करने में सुविधा होगी क्योंकि यही दोनों रास्ते बहुत टूटे-फूटे हैं और लोगों को आवागमन करने में बहुत परेशानी हो रही है।



## चैतन्य देवियों की झांकी बनी आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

- मां दुर्गा के रूपों को जीवंत रूप में किया गया प्रस्तुत

नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारिज ईश्वरीय विश्व विद्यालय सेवा केंद्र त्रिमूर्ति शिव भवन पुरानी बस्ती वार्ड नं 10 अकलतरा में दो दिवसीय चेतन्य देवियों की भव्य झांकी कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और माता के जयकारों के साथ हुई।

झांकी में मां दुर्गा के रूपों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया, जिससे वातावरण भक्ति रस में सराबोर हो गया। देवियों के चेतन्य स्वरूप को देखकर भक्त मंत्रमुग्ध हो गए और ऐसा प्रतीत हुआ मानो साक्षात देवियाँ ही विराजमान हों। सेवा केंद्र प्रभारी बी के भुवनेश्वरी ने शक्ति स्वरूपा देवी के महत्व को बताते हुए कहा कि नवरात्रि का अर्थ केवल बाहरी पूजा नहीं बल्कि आत्मशक्ति जागृत करने का अवसर भी है। कार्यक्रम में योग, ध्यान और आध्यात्मिक प्रवचन के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि सच्ची आराधना अपने भीतर के नकारात्मक विचारों का अंत कर दिव्यता का विकास करना है। श्रद्धालुओं ने झांकी के दर्शन के साथ-साथ ब्रह्माकुमारिज द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन संध्या और शक्तिपाठ का आनंद लिया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन और अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। केंद्र की ओर से सभी आगंतुकों का स्वागत किया गया और प्रसाद का वितरण किया गया।

### डोंगाकोहरौद में अखंड नवधा रामायण 8 से

**डोंगाकोहरौद।** ग्राम पंचायत डोंगाकोहरौद के बाजार प्रांगण में अखण्ड नवधा रामायण का आयोजन बुधवार 8 अक्टूबर से प्रारंभ होगा, जिसका समापन 17 अक्टूबर को होगा। मानस कथा प्रारंभ 8 अक्टूबर, मानस कथा विश्राम चढ़ोत्री 16 अक्टूबर एवं हवन सहस्त्र धारा व ब्राम्हण भोज का आयोजन 17 अक्टूबर को होगा। बाहर से आने वाले मंडलियों को दूरी के हिसाब से 151 से लेकर 651 तक मार्ग व्यय प्रदान किया जावेगा।

## 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के शक्तिकलश लाने के लिए 70 परिजनो का दल शांतिकुंज हरिद्वार रवाना



शक्तिकलश लाने के लिए शांतिकुंज हरिद्वार रवाना होते परिजन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के सफलता के लिये गायत्री परिवार के लगभग 70 परिजन शांतिकुंज रवाना। गुरुदेव श्री राम शर्मा आचार्य एवं माताजी भगवती देवी शर्मा के सूक्ष्म संरक्षण में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में 9 दिसम्बर से 12 दिसम्बर तक आयोजित 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ हसौद की सफलता के लिए हसोद एवं शक्ति जिले के अलावा सारंगढ़ रायगढ़ जांजगीर-चांपा एवं कोरबा के गायत्री परिवार के परिजन शांतिकुंज हरिद्वार रवाना हो गए हैं। बताते चलें छत्तीसगढ़ में सालों बाद 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ मिला है। विशेष सफल बनाने में उपजोन कोरबा के सभी जिले तन मन धन से लगे हुए हैं। शक्तिकलश आने के बाद उसे कोरबा उपजोन के सभी जिलों में रथ के माध्यम से भ्रमण कराया जाएगा एवं 251 कुंडी गायत्री महायज्ञ के प्रचार प्रसार किया जाएगा

### ग्राम पंचायत किकिरदा में विराट दशहरा महोत्सव आज

**बिर्रा।** ग्राम पंचायत किकिरदा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के मैदान में रविवार 5 अक्टूबर को विराट दशहरा महोत्सव आतिशबाजी के साथ शाम 7 बजे रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। रात्रि कालीन में रंगारंग कार्यक्रम प्रेम सुधा स्टार नाइट लोक कला मंच रायपुर की प्रस्तुति होगी। आयोजन की तैयारी में विराट दशहरा महोत्सव समिति के सदस्य एवं पदाधिकारीगण जुटे हुए हैं।

### आदर्श ग्राम गोधना में निकलेगी झांकी, होगा रावण का दहन

**गोधना।** आदर्श ग्राम गोधना के नया बाजार चौक में रविवार शाम 4 बजे भव्य दशहरा का आयोजन होगा। वहीं शाम 7 बजे रावण का पुतला दहन किया जाएगा। राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान की झांकी का भी प्रदर्शन किया जाएगा।

## शोभा यात्रा निकालकर किया गया जवारा विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदा

- जगह-जगह ग्रामीणों ने की पूजा-अर्चना



नवमीं के दिन शोभा यात्रा निकालकर जावरा विसर्जन करने जाते श्रद्धालु।

समीपस्थ ग्राम भिलाई में धिकुड़िया तालाब के पार में विराजी मां मौली दाई मंदिर में शारदीय नवरात्रि पर्व पर नवमी तिथि को जवारा विसर्जन किया गया। मंदिर के बैगा नरेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि गांव में जवारा विसजर्न के पूर्व भव्य यात्रा निकाली गई। इसके बाद बस्तीपारा घाट में विसर्जित किया गया। इस दौरान रास्ते में जगह-जगह ग्रामीणों द्वारा पूजा-अर्चना की गई।

गौरतलब है कि ग्राम भिलाई की ग्राम देवी मां मौली दाई में शारदीय नवरात्र में नौ दिनों तक जवा बोआ गया। साथ ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मनोकामना ज्योति प्रज्वलित कराया। नवमीं के दिन जसगीत मादर के थाप में बैगीनो ने सिर में जवारा कलश व पाठ-पीढ़ा लेकर शोभा यात्रा निकालते हुए जावरा विसर्जन किया। इस दौरान श्रद्धालुओं के लोट लेने वालों की लम्बी कतार थी। लोट के पीछे गाजे बाजे के साथ जसगीत पार्टी की टीम झुमते नाचते चल रहे थी। उसके पीछे सोलह श्रृंगार किये महिलाएं ज्वारा कलश लिये चल रहें थे। ज्वरा कलश विसर्जन देखने सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु सड़क के दोनों ओर इकठ्ठा हुए थे। ऐसी मान्यता है कि मां मौली दाई की जो भक्त विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर ज्वारा विसर्जन में शामिल होते है उनकी सभी मनोकामना पूर्ण होती है।

## जसगीत गायन में जय बजरंग पार्टी हरेठीकला को मिला प्रथम पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा



पुरस्कार के साथ उपस्थित विजेता पार्टी।

जय मां दुर्गा सेवा समिति फुलवारी पारा डोंगिया मुहल्ला बिर्रा में नवरात्रि पर्व के दौरान नवमी तिथि को रात्रिकालीन जसगीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें जय बजरंग माता सेवा जसगीत पार्टी हरेठीकला ने अपने शानदार झांकी और बहुत अच्छा पहनावा एवं वेशभूषा और साज सज्जा में प्रथम पुरस्कार पीली बाई साहू सरपंच ग्राम पंचायत बिर्रा के हाथों से स्मृति चिन्ह और 11001 रुपए से सम्मान प्राप्त किए।

वही द्वितीय पुरस्कार 9001 रुपए जय मां विंध्यवासिनी जस गीत पार्टी मिरौनी बैराज , तृतीय पुरस्कार 7001 रुपए जय लाला चौरा जसगीत पार्टी पेंड्री ,चतुर्थ पुरस्कार 5001 रुपए जय मां चंडी जस गीत पार्टी बिर्रा , पंचम पुरस्कार 4001 रुपए जय सिदारिन दाई जस गीत पार्टी बनडभरा, षष्ठम पुरस्कार 3001 रुपए जय मां महामाया जस गीत पार्टी सोनादह, सप्तम पुरस्कार 2001 रुपए जय मां शीतला जसगीत पार्टी देवरहा सहित अन्य सभी शामिल प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। आयोजन को लेकर आचार्य पं दिलीप पाण्डेय अर्जून महराज बिर्रा, बिर्रा सरपंच श्रीमती पिलीबाई साहू, यजमान श्रीमती सीमा राजेश यादव, राजकुमारी द्वारिका धीवर, संरक्षक एकादशिया साहू, मोहनलाल यादव, अध्यक्ष फीरूराम यादव, लक्ष्मण पटेल, रवि कुमार, चंद्रहास साहू, सुकलाल यादव, छोटू यादव, मोहन साहू, मनोज, कैलाश, तेरसराम, योगेश कुमार, रामेश्वर साहू, चुनीलाल सहित जय मां दुर्गा सेवा समिति के सदस्य गण और ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## नौ दिनों तक पूजा अर्चना के बाद दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन



मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन करने जाते श्रद्धालु।

**तुस्मा।** ग्राम तुस्मा स्थित शबरी डेरा मोहल्ले में नौ दिनों तक चले नवरात्रि पर्व का समापन मां दुर्गा के विसर्जन के साथ हर्षोल्लास और श्रद्धा के माहौल में हुआ। पूरे नौ दिनों तक मोहल्ले में भक्तों ने विधि-विधान से मां दुर्गा की पूजा अर्चना,भजन-कीर्तन और आरती का आयोजन किया। भक्तिभाव से ओत-प्रोत वातावरण में माताओं, बहनों और श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर मां की आराधना की।

विसर्जन के दिन प्रातः से ही पूरे क्षेत्र में उल्लास और भक्ति का माहौल देखने को मिला। दुर्गा प्रतिमा को सजे हुए रथ पर विराजित कर,मोहल्ले के युवक और श्रद्धालु द्वारा बाजे-गाजे की गूंज के बीच जय माता दी के जयघोष लगाते हुए विसर्जन यात्रा पर निकले। जगह-जगह भक्तों ने मां दुर्गा की आरती उतारी और पुष्पवृष्टि कर माता रानी को भावभीनी विदाई दी। यात्रा में शामिल महिलाएं पारंपरिक परिधान में माता के भजनों पर थिरकती नजर आईं,वहीं युवा श्रद्धालु नाचते-गाते हुए यात्रा में उत्साह का संचार कर रहे थे। पूरा मोहल्ला "जय अम्बे गौरी", "जय माँ दुर्गे" के जयकारों से गूंज उठा। शबरी डेरा मोहल्ले के सभी लोग,बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक,मां की विदाई में शामिल हुए। विसर्जन यात्रा नाच-गाने और उत्सवमय माहौल के बीच बाईपास स्थित नवा तालाब पहुंची,जहां मां दुर्गा की प्रतिमा का विधिवत पूजा-अर्चना के बाद विसर्जन किया गया। मां को विदाई देते समय कई भक्तों की आंखें नम हो गईं।

## साइबर सेल प्रभारी से मारपीट, दो जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- दुर्गा विसर्जन के दौरान कंपनी गार्डन के पास की गई मारपीट

बीती रात दुर्गा विसर्जन के दौरान अपने घर जा रहे जांजगीर साइबर सेल प्रभारी की कार को दो नशेड़ी युवकों ने रोक लिया। उन्होंने अपने आपको टीआई बताते हुए सड़क से हटने के लिए कहा तो युवकों ने गुण्डागर्दी करते हुए गाली गलौज कर उन्हें लात मार दी। मारपीट के बाद वे सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों के सहयोग से दोनों युवकों को पकड़कर सिविल लाइन थाने लेकर गए। पुलिस ने दोनों नशेड़ियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, जांजगीर साइबर सेल प्रभारी सागर पाठक शुक्रवार को जांजगीर में दुर्गा विसर्जन की ड्यूटी कर रहे थे। रात में उन्हें सूचना मिली उनकी बच्ची का तबियत खराब हो गई है, श्री पाठक उच्च अधिकारियों को अवगत कराकर कार से घर लौट रहे थे। दुर्गा विसर्जन को लेकर देवकीनंदन रोड से गुरूनानक चौक तक दुर्गा प्रतिमा की झांकी निकलने से भीड़ लगी हुई थी। वे धीमी गति से कार चला रहे थे। रात 12 बजे कंपनी गार्डन के पास उनकी कार के सामने दो नशेड़ी युवक खड़े हो गए। उन्होंने कार से नीचे उतरक युवकों को बताया कि वे टीआई हैं। इतने में नशेड़ी युवक उनके साथ गाली गलौज करने लगे, एक युवक ने उनके पेट में लात से मार दी। श्री पाठक सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों के सहयोग से दोनों नशेड़ी युवकों को पकड़कर सिविल लाइन थाना लेकर गए। वहां दोनों नशेड़ी युवकों की जमकर खातिरदारी की गई। पकड़े गए नशेड़ी में निखिल पाण्डेय सरकण्डा, तुषार तिवारी देवरीखुर्द निवासी हैं। शनिवार को पुलिस ने प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत दोनों युवकों को गिरफ्तार कोर्ट में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।

### जेल भेजा गया है

जांजगीर साइबर सेल प्रभारी के साथ दो नशेड़ी युवकों के द्वारा मारपीट की गई थी। दोनों युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

**-निमितेश सिंह परिहार,**
सीएसपी सिविल लाइन







